## बुलेट चोरी करने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार



अजमेर, 3 अक्टूबर (वेब वार्ता)। अजमेर की कोतवाली थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में बुलेट चोरी करने वाले शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों को पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर देवगढ़ से पकड़ा है। दोनों आरोपी अपने शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस गिरफ्तार दोनों आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड खंगालने के साथ ही पूछताछ जारी है। घर के बाहर से बुलेट चोरी कोतवाली थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 13 सितंबर को प्रभात गली बापूनगर निवासी कौशल सोनी ने थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया था। पीड़ित ने शिकायत देकर बताया कि उसके घर के बाहर खड़ी बुलेट बाइक अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गए। मामले में मुकदमा दर्ज का टीम का गठन किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल से सीसीटीवी चेक किए गए। टीम सीसीटीवी चेक करते हुए राजसमंद और देवगढ़ पहुंची थी। पुलिस टीम ने सूचना मिलने पर देवगढ़ से आरोपी राजसमंद निवासी उमेद (23)पुत्र दलपत सहित कुलदीप (19) पुत्र गौरी शंकर को गिरफ्तार किया है। दोनों ने पूर्व में भी चोरी की वारदातों का अंजाम दिया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों का अन्य आपराधिक रिकार्ड को लेकर पूछताछ जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपी अपना शौक पूरा करने के लिए वारदातों का अंजाम देते हैं। सुनसान जगहों पर जाकर डुप्लीकेट चाबी से बुलेट चोरी की वारदातें करते थे।

## नेपाल के मंदिरों जैसा 50 फीट ऊंचा शेड बनाया

अजमेर, 3 अक्टूबर (वेब वार्ता)। अजमेर के बजरंगगढ़ चौराहे पर स्थित प्रसिद्ध अंबे माता मंदिर में शारदीय नवरात्र पर पूजन कर घट स्थापना की गई। मंदिर का 40वां स्थापना दिवस भी मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिर समिति की ओर से शाम को महाआरती का आयोजन होगा। विशेष आकर्षण के रूप में हिसार (हरियाणा) के सुनील अनिल तिलकधारी आर्ट ग्रुप की ओर से झांकियां का प्रदर्शन किया जाएगा। मंदिर में विशेष सजावट और भव्य लाइटिंग की गई है। नवरात्र के दौरान मंदिर 24 घंटे खुला रहेगा। मंदिर समिति के पदाधिकारी ने बताया- अंबे माता मंदिर का आज 40वां स्थापना दिवस है। सुबह घट स्थापना की गई है। अब 9 दिनों तक निश्चित समय पर ही आरती होगी। शाम 7 और सुबह 9 बजे आरती की जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर 24 घंटे खुला रहेगा। मंदिर समिति की ओर से महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। अष्टमी पर भंडारा और जागरण का



आयोजन किया जाएगा। नेपाल के मंदिरों जैसा 50 फीट ऊंचा शेड बनाया अंबे माता मंदिर इस नवरात्रि भक्तों को नए रूप में नजर आ रहा है।

मंदिर को 60 फीट चौड़े और 50 फीट ऊंचे लोहे के शेड से कवर किया गया है। शेड को नागपुर से 1600 पीस में अजमेर लाया गया, जिसे एक महीने की मेहनत के बाद कारीगरों ने नेपाल के मंदिरों जैसा आकार दिया है। शेड में लाइट भी लगाई गई है, साथ ही ऊपर अंबे माता मंदिर का आकर्षक बोर्ड भी लगाया गया है। शहर का एकमात्र अंबे माता मंदिर है जहां पर मां वैष्णो देवी मंदिर की तरह 15 सालों से पैक प्रसाद बांटा जाता है। इस नवरात्र भक्तों ने 10 दिनों की पोशाक के लिए 600 से ज्यादा आवेदन किए हैं, मंदिर 40 सालों में मंदिर चार बार रिनोवेट किया गया है। पहली बार नवरात्र में अंबे माता मंदिर का नया रूप दिया गया है।

## जेपी नड्डा का जयपुर दौरा स्थगित, वीसी से लेंगे बैठक

जयपुर, 3 अक्टूबर (वेब वार्ता)। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का जयपुर दौरा स्थगित हो गया है। पहले नड्डा शनिवार को जयपुर आ रहे थे। वे बीजेपी कार्यालय में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक लेने वाले थे। लेकिन अब यह बैठक रविवार को वीसी से होगी। प्रदेश बीजेपी को 15 अक्टूबर तक 1.25 करोड़ सदस्य बनाने हैं। लेकिन पहले चरण के खत्म होने तक करीब 31 लाख सदस्य ही बने हैं। नड्डा से पहले बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष 26 सितम्बर को प्रदेश बीजेपी कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक ले चुके हैं। जिसमें उन्होंने सदस्यता अभियान की धीमी गति को लेकर नाराजगी जताई थी। इसके बाद अभियान में तेजी देखने को मिली थी। इसी सिलसिले में अब बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को सदस्यता अभियान की बैठक लेंगे। बीएल संतोष ने कहा था-खेतों में जाकर बनाओ सदस्य बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने प्रदेश



में बीजेपी के सदस्यता अभियान की धीमी गति को लेकर नाराजगी जताई थी।

उन्होंने बीजेपी के प्रदेश स्तर और जिला संयोजकों की बैठक में कम सदस्य बनाने के पीछे का कारण भी पूछा था। इस पर संयोजकों ने कहा- इस समय खेती का समय चल रहा है, जिसके चलते सदस्यता कम रही है। बीएल संतोष ने कहा कि लोग खेती में व्यस्त हैं तो खेतों में जाकर सदस्य बनाएं। उन्होंने कहा- मैं यहां एक-एक व्यक्ति का रिकॉर्ड देखने आया हूं। किस व्यक्ति ने अपने मोबाइल से कितने सदस्य बनाए। हालांकि मीटिंग के दौरान उन्होंने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की तारीफ भी की और कहा कि उन्होंने टारगेट से दोगुने सदस्य बनाए हैं। इसी तरीके से बाकी लोगों को भी काम करना चाहिए। नड्डा सदस्यता अभियान की करेंगे समीक्षा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अब शनिवार को शाम 7 बजे वीसी के जरिए सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक लेंगे। इस दौरान बैठक में सांसद, पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायक, जिला प्रमुख, मेयर, उप महापौर के साथ प्रदेश सदस्यता अभियान की टोली, प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ-साथ आगामी रूपरेखा पर चर्चा होगी। प्रदेश में 3 सितम्बर को हुई थी अभियान की लॉन्चिंग देशभर में बीजेपी का सदस्यता अभियान चल रहा है। 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदस्य बनाकर इस अभियान की शुरुआत हुई थी। प्रदेश में अभियान की शुरुआत 3 सितंबर को की गई थी। अभियान का पहला चरण 30 सितंबर को खत्म हो गया है। वहीं दूसरा चरण 15 अक्टूबर तक चलेगा।

## जयपुर में 5-साल के बच्चे का शव कार में मिला

जयपुर, 3 अक्टूबर (वेब वार्ता)। जयपुर में एक दिन पहले लापता हुए 5 साल के बच्चे का शव गुरुवार दोपहर एक कार में मिला। शव देख स्थानीय लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बॉडी को कार से निकाला। मामला खोह नागोरियान थाना इलाके के लूनियावास का है। मौके पर पहुंचीं डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया- आज ही बच्चे अल्फेज के लापता होने की जानकारी परिजनों ने दी थी। जानकारी मिलने के बाद एसएचओ ने एफआईआर दर्ज कर सर्च करना शुरू किया था। बच्चे की बॉडी उसके घर से करीब 200 मीटर दूर एक कार में मिली है। कार लॉक थी। एफएसएल जांच के बाद बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम होने के बाद शव परिजन को सौंप दिया जाएगा। मामा के घर रहता था बच्चा जानकारी अनुसार, बच्चे की माता शाहिना और पिता शाहिद में विवाद चल रहा है। इसलिए वह लूनियावास स्थित मामा के घर में रहता था। अल्फेज बुधवार दोपहर 12 बजे से लापता था। परिवार ने इसकी सूचना कॉलोनी के ग्रुप में भी दी थी, लेकिन बच्चा रात तक नहीं मिला। गुरुवार सुबह परिजन थाने गए और रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने भी इलाके में सर्च किया। इसी दौरान दोपहर 3:30 बजे एक व्यक्ति को कार में बच्चा दिखाई दिया। बच्चा मृत अवस्था में था। इस पर पुलिस को जानकारी दी गई। कॉलोनी में ही हुई घटना जिस कार में बच्चे का शव मिला, वह कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति की है। पुलिस ने कॉलोनी के कई लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। कॉलोनी में लगे हुए एक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में बच्चा लापता होने से पहले बुधवार दोपहर को खेलता हुआ दिखाई दे रहा है। बच्चा दोपहर में गायब होने के बाद कॉलोनी से बाहर नहीं गया। इसलिए पूरी घटना कॉलोनी में ही हुई है।

## जयपुर में डेटिंग ऐप पर दोस्ती कर लूट, 4 अरेस्ट

जयपुर, 3 अक्टूबर (वेब वार्ता)। जयपुर में डेटिंग ऐप से दोस्ती कर लूट करने वाले गैंग का खुलासा हुआ है। पुलिस ने गैंग के चार बदमाशों को अरेस्ट किया है। पुलिस पूछताछ में गैंग ने लाखों रुपए की लूट करना स्वीकार किया है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। DCP (ईस्ट) तेजस्विनी गौतम ने बताया- गैंग के बदमाश जितेन्द्र कुमार (24) निवासी लोसल सीकर, रविन्द्र सिंह राठौर (20) निवासी डीडवाना कुचामन, चेतन शर्मा (20) निवासी गाजी अलवर और निखिल गुर्जर (20) निवासी सुभाष नगर भीलवाड़ा हाल प्रताप अपार्टमेंट प्रताप नगर को अरेस्ट किया है। प्रताप नगर थाने में पिछले दिनों डेटिंग ऐप के जरिए दोस्ती कर लाखों रुपए लूट के दो मामले दर्ज हुए थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि ब्लैकमेलिंग कर लूट करने वाली एक गैंग सक्रिय है। डेटिंग ऐप के जरिए वह युवकों से कॉन्टैक्ट करती है। पैसे वाली फर्म होने का पता चलने पर फर्जी तरीके से लिए मोबाइल नंबर को शेयर किया जाता है। बातचीत कर उसे दोस्ती के जाल में गैंग के बदमाश फंसाकर रखते हैं। लूट के लिए फर्जी तरीके से किराए का मकान तक लेते हैं। मिलने के बहाने मकान पर बुलाकर गैंग के बदमाश उसे बंधक बना लेते है। उसके वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर लाखों रुपए की लूट वारदात को अंजाम देकर छोड़ देते है। पुलिस टीम के गैंग के बदमाशों की तलाश करने पर लोकेशन सीकर व नागौर की मिली। पुलिस ने वारदातस्थल के आस-पास लगे फुटेज से बदमाशों की तलाश शुरू की। पुलिस ने ब्लैकमेल कर लूट गैंग के चारों बदमाशों को धर-दबोचा।

## नौ योजनाओं के माध्यम से नारी शक्ति का वंदन कर रही भाजपा सरकार: यादव

भोपाल, 03 अक्टूबर (वेब वार्ता)। नवरात्रि पर्व के प्रथम दिन नारी शक्ति को नमन करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार अपनी नौ योजनाओं के माध्यम से नारी शक्ति को वंदन करती है।

डॉ यादव ने अपनी एक्स पोस्ट में कहा, शक्ति को नमन, नारी शक्ति का वंदन। एक बिटिया के रूप में, एक कन्या के रूप में, एक बहन के रूप में, एक मां के रूप में; नारी हर रूप में माता के 9 स्वरूपों के समान वंदनीय है। भाजपा सरकार नारी को देवी स्वरूप मानकर अपनी 9 योजनाओं के माध्यम से नारी शक्ति का वंदन करती है। इसके साथ ही डॉ यादव ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है, जिसमें इन नौ योजनाओं जैसे लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, पोषण आहार अनुदान योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना के नामों का भी उल्लेख है।

## उच्चतम न्यायालय ने जाति-आधारित भेदभाव को बढ़ावा देने वाली जेल नियमावली के नियम खारिज किए

नई दिल्ली, 03 अक्टूबर (वेब वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कुछ राज्यों की जेल नियमावली के भेदभावपूर्ण प्रावधानों को खारिज कर दिया तथा जाति आधारित भेदभाव, काम के बंटवारे और कैदियों को उनकी जाति के अनुसार अलग वार्डों में रखने के चलन की निंदा की।



भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने जेलों में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए कई निर्देश भी जारी किए। पीठ ने कहा, ''राज्यों की जेल नियमावली के प्रावधान के अनुसार, जेलों में वंचित वर्ग के कैदियों के साथ भेदभाव के लिए जाति को आधार नहीं बनाया जा सकता है।'' साथ ही पीठ ने कहा कि ऐसी प्रथाओं की अनुमति नहीं दी जा सकती। पीठ ने कहा, ''कैदियों को खतरनाक परिस्थितियों में सीवर टैंकों को साफ करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।'' पीठ ने आदेश दिया कि पुलिस को जाति आधारित भेदभाव के मामलों से निपटने के लिए पूरी तत्परता से काम करना होगा। पीठ ने कहा कि निश्चित वर्ग के कैदियों को जेलों में काम के उचित बंटवारे का अधिकार है।

शीर्ष अदालत ने जेल नियमावली के आपत्तिजनक नियमों को खारिज करते हुए राज्यों से तीन महीने के भीतर नियमों में संशोधन करने को कहा। न्यायालय ने यह भी कहा कि किसी विशेष जाति के कैदियों को सफाईकर्मियों के रूप में चयन करना पूरी तरह से समानता के अधिकार के खिलाफ है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस साल जनवरी में मूल रूप से महाराष्ट्र के कल्याण की निवासी सुकन्या शांता द्वारा दायर याचिका पर केंद्र और उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल सहित 11 राज्यों से जवाब मांगा था। न्यायालय ने इन दलीलों पर गौर किया था कि इन राज्यों की जेल नियमावली जेलों के अंदर काम के बंटवारे में भेदभाव को बढ़ावा देती हैं तथा कैदियों को कहां रखना है, इसका निर्णय भी उनकी जाति के आधार पर किया जाता है। याचिका में केरल जेल नियमावली के प्रावधानों का हवाला दिया गया है और कहा गया है कि ये नियम आदतन अपराधी और दोबारा दोषी ठहराए गए अपराधी के बीच अंतर करते हैं।

## आपराधिक घटना चरम पर, अपराधी बेखौफ: कांग्रेस सांसद मनोज कुमार

पटना, 03 अक्टूबर (वेब वार्ता)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश महासचिव पंकज यादव को गोली मारे जाने पर कांग्रेस सांसद मनोज कुमार ने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने नीतीश सरकार की कार्यशैली पर तंज कसते हुए कहा, अरे आप क्या कह रहे हैं? ये सब तो राजद और कांग्रेस के शासनकाल में होता था। लेकिन, अब ये सब क्यों हो रहा है। अभी तो सुशासन होना चाहिए ना, तो फिर ऐसा क्यों हो रहा है। उन्होंने कहा, प्रदेश में हत्या चरम पर है। अपराधी खुलेआम अपने नापाक इरादों को अंजाम दे रहे हैं। सरकार की मजबूरी देखिए कि वो किसी भी अपराधी के खिलाफ कोई भी कानूनी कार्रवाई करने की स्थिति में नजर नहीं आ रही है। कानून-व्यवस्था की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। माफिया, दरिंदे और हत्यारों का मनोबल अपने चरम पर है। प्रदेश में कहीं पर भी कानून का इकबाल नजर नहीं आ रहा है। अच्छे और ईमानदार लोगों को सरेआम गोली मारी जा रही है, लेकिन मजाल है कि सरकार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने की जुर्रत करे।

कांग्रेस सांसद ने कहा, यह कोई इकलौती घटना नहीं है, बल्कि इससे पहले भी सासाराम में एक होम गार्ड को गोली मारी गई थी। भभुआ में एक बच्चे पर चाकू से हमला कर दिया गया। कहने का मतलब है कि प्रत्येक दिन बिहार में यह सब घट रहा है। मैं नीतीश कुमार से निवेदन करना चाहता हूं कि वो प्रदेश में कानून का इकबाल स्थापित करें और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें, ताकि बिहार में ऐसी स्थिति फिर कभी पैदा ना हो। लेकिन मुझे यह कहते हुए अफसोस हो रहा है कि मुख्यमंत्री साहब अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में लगातार ढुलमुल रवैया अख्तियार करते हुए नजर आ रहे हैं।

## गौतमबुद्ध जिले में सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत

नोएडा, 03 अक्टूबर (वेब वार्ता)। गौतमबुद्ध नगर जिले में यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना बुधवार रात रबूपुरा थाना क्षेत्र की है जब रामपाल (50) और उनका छोटा भाई ब्रह्मपाल (48) मोटरसाइकिल से अपने घर दनकौर जा रहे थे।


**सम्पत्ति के विक्रय हेतु ऑनलाईन ई-नीलामी**

**कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय: 27 बीकेसी, सी -27, जी-ब्लॉक, बांन्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (पूर्व), मुम्बई, महाराष्ट्र, पिन कोड-400051**
**शाखा कार्यालय: कोटक महिन्द्रा बैंक लि. 7वां तल, प्लॉट नं. 7, सेक्टर-125, नोएडा, उत्तरप्रदेश-201313**

**अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) और 8(6) के अंतर्गत वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
'फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड' (इसके बाद 'एफआईएचएफसीएल' के रूप में संदर्भित) द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के पक्ष में ऋण के असाइनमेंट के बाद, फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (इसके बाद 'एफआईएचएफसीएल' के रूप में संदर्भित) के अधिकृत अधिकारी ने 27.12.2022 को प्रतिभूत लेनदार को बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल संपत्ति (इसके बाद प्रतिभूत परिसंपत्ति कहा जाता है) का भौतिक कब्जा ले लिया है।
विशेष रूप से ऋणी(ओं) और गारंटर(ओं) और आम जनता को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक ने प्रतिभूत परिसंपत्ति को बेचने का निर्णय लिया है। सरफैसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत 'जैसा है जहां है', 'जैसा है', और 'जो कुछ भी है' के आधार पर नीचे दिए गए विवरण के अनुसार **श्री रामचन्द्र मूलचन्द एवं श्रीमती रेखा देवी** द्वारा लिया गया ऋण की वसूली के लिये ऋण खाता संख्या 602807210453330 & 602807510491468; में बकाया **रु. 24,11,918/-** (चौबीस लाख ग्यारह हजार नौ सौ अठारह रुपये मात्र) **दिनांक** 30.09.2024 तक के वसूली के लिये ई-नीलामी की जायेगी।

| विशिष्ट (PARTICULARG) | विवरण |
|---|---|
| नीलामी की दिनांक | 12.11.2024 |
| नीलामी का समय | दोपहर 12:00 बजे से 01:00 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट की असिमित समयावृद्धि के साथ |
| आरक्षित मूल्य | रू. 5,50,000/- (रूपये पांच लाख पचास हजार मात्र) |
| जमा धरोहर राशि (ईएमडी) | रू. 55,000/- (रूपये पचपन हजार मात्र) |
| केवाईसी एवं धरोहर राशि जमा कराने की अंतिम दिनांक | 11.11.2024 सांय 06:00 बजे तक (IST) |
| प्रतिभूत संपत्ति का विवरण | संपत्ति के सभी अंश एवं हिस्से जिसमें डबल मंजिला आवासीय मकान |

**भवन मिडिल पोर्शन मकान नं. 10 जिसे नगरपालिका नं. 8/88 के रूप में पुनः क्रमांकित किया गया है, जिसका पूर्व से पश्चिम तक माप 18 फीट, उत्तर से दक्षिण तक 30 फीट यानि 540.00 वर्ग फीट है, जिसमें भूतल पर तीन कमरे, मार्ग, चौक, शौचालय, स्नानघर, नाली; प्रथम तल पर एक कमरा, एक रसोईघर, बरामदा और खुली छत, साथ ही छत के अधिकार और उस पर निर्माण के अधिकार, फिटिंग, पानी की मोटर, एक बिजली कनेक्शन सुरक्षा जमा के साथ, मोहल्ला रेदासपुरा, जिला ब्यावर, अजमेर में नगर परिषद ब्यावर, राजस्थान की सीमा के भीतर स्थित है। संपत्ति की सीमाएं- पूर्वः जस्सी का घर, पश्चिमः लालचंद का घर, उत्तरः 90 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः नाथूलाल जी का घर।**

| ज्ञात प्रभार यदि कोई हो | ज्ञात नही |
|---|---|

ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो प्रतिभूत परिसंपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है। विशेष रूप से ऋणियों और आम जनता कृपया ध्यान दें कि यदि किसी भी कारण से यहां निर्धारित नीलामी विफल हो जाती है, तो प्रतिभूत ऋणदाता निजी संधि के माध्यम से बिक्री के माध्यम से प्रतिभूति हित लागू कर सकता है। बिक्री के तहत परिसंपत्तियों के बारे में किसी भी स्पष्टीकरण/आवश्यकता के मामले में, बोलीदाता **श्री अक्षित सोलंकी (+917302111608) श्री राजेन्द्र दहिया (+918448264515)** से संपर्क कर सकते हैं। बोलीदाता स्पष्टीकरण के लिए बैंक के आईवीआर नंबर (+91-9152219751) पर भी संपर्क कर सकते हैं। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट यानी **www.kotak.com** और/या **http://bankauctions.in/** पर दिए गए लिंक **https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html** को देखें।

दिनांकः 04.10.2024 स्थानः अजमेर

प्राधिकृत अधिकारी
कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड


## सुधांशु त्रिवेदी ने कहा- 'मोहब्बत की दुकान में अब नशे का सामान', कांग्रेस और हुड्डा परिवार से जवाब मांगा

नई दिल्ली, 03 अक्टूबर (वेब वार्ता)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने दिल्ली में 5,600 करोड़ रुपये की ड्रग्स की बरामदगी के मामले में मुख्य आरोपी तुषार गोयल को इंडियन यूथ कांग्रेस के आरटीआई सेल का चीफ बताते हुए कांग्रेस और हुड्डा परिवार से जवाब मांगा है। सुधांशु त्रिवेदी ने भाजपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में 5,600 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद हुई है। इस मामले का मुख्य आरोपी और किंगपिन तुषार गोयल, 'इंडियन यूथ कांग्रेस' के आरटीआई सेल का चीफ है। उन्होंने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान में अभी तक नफरत के सामान तो दिख रहे थे, लेकिन अब नशे का सामान भी मिलने लगा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने तुषार गोयल के अपॉइंटमेंट लेटर को दिखाते हुए दावा किया कि इसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी का भी जिक्र है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल और कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के साथ तुषार गोयल की तस्वीरों को मीडिया को दिखाते हुए यह दावा भी किया कि जांच एजेंसियों को तुषार गोयल के मोबाइल में दीपेंद्र हुड्डा का नंबर भी मिला है।

उन्होंने इस मामले में कांग्रेस से तीन सवाल पूछते हुए कहा कि देश को और हरियाणा की जनता को यह जानने का हक है कि कांग्रेस का ड्रग्स के इस मामले से क्या संबंध है। कांग्रेस पदाधिकारी के ड्रग्स तस्करी में शामिल होने से यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या इससे पहले भी इस तरह से पैसे आ चुके हैं? क्या इसके पैसे का इस्तेमाल हरियाणा के चुनाव में तो नहीं हो रहा था? ड्रग्स माफिया को कांग्रेस का पदाधिकारी बनाना, किसी समझौते का हिस्सा तो नहीं है कि अगर उनकी सरकार हरियाणा में सत्ता में आई तो पंजाब की तरह हरियाणा में भी ड्रग्स माफिया को खुली छूट दे दी जाएगी।

कांग्रेस, हरियाणा के सबसे बड़े नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और युवा नेता दीपेंद्र हुड्डा को इसका जवाब देना चाहिए। कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि तुषार गोयल के साथ उसका सिर्फ राजनीतिक संबंध है या फिर व्यावसायिक संबंध है। उन्होंने कहा कि देश में भ्रम पैदा करने के लिए अनेक अंतर्राष्ट्रीय ताकतों और संस्थानों के साथ कांग्रेस पार्टी के संबंध उजागर होते रहे हैं, लेकिन अब देश के युवाओं को सीधे नशे में धकेलने वाले इतने बड़े कांड के साथ कांग्रेस के आधिकारिक पदाधिकारी का सीधा संबंध उजागर होना, बहुत गहरे और खतरनाक संदेश देता है इससे यह पता लगता है कि अगर उनकी सरकार आई तो क्या होगा। दिल्ली में इतनी भारी मात्रा में ड्रग्स बरामदगी की तुलना यूपीए सरकार के कार्यकाल से करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली में 5,600 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामदगी की यह मात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पूरे भारत में यूपीए के शासनकाल में 2006-2013 के बीच मात्र 768 करोड़ रुपए के ड्रग्स की बरामदगी हुई थी। जबकि ये वो दौर था, जब मुंबई से लेकर पंजाब तक ड्रग्स की गिरफ्त में थी।

इसकी तुलना में 2014-2022 तक भाजपा सरकार के दौरान 22 हजार करोड़ रुपए की ड्रग्स पकड़ी गई है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी सबूत और साक्ष्य के आधार पर कार्य करती है। जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, जिस व्यक्ति की आवश्यकता होगी उसे पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। चार्जशीट सहित अन्य प्रकियाओं का काम जांच एजेंसी न्यायालय की देखरेख में करेगी।

## महाकुंभ-2025: प्रयागराज में जल्द डिजिटल कुंभ संग्रहालय बनाएगी सरकार

लखनऊ, 03 अक्टूबर (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगले साल आयोजित होने वाले महाकुंभ को भव्य बनाने के लिए सरकार जल्द डिजिटल कुंभ संग्रहालय बनाएगी। प्रदेश के पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि पर्यटन विभाग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विचार के अनुरूप प्रयागराज में 'डिजिटल कुंभ संग्रहालय' बनाने की तैयारी कर रहा है। यहां श्रद्धालु डिजिटल माध्यमों से समुद्र मंथन देख सकेंगे। इसके अलावा, कुंभ, महाकुंभ सहित अन्य धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल कुंभ संग्रहालय के लिए 21.38 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से छह करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है। लगभग 10 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में बनने वाले इस संग्रहालय में एक साथ 2000 से 2500 लोग भ्रमण कर सकेंगे। सिंह ने बताया कि परियोजना के तहत डिजिटल संग्रहालय में समुद्र मंथन की 14 रत्नों वाली गैलरी बनाई जाएगी। डिजिटल माध्यम से समुद्र मंथन के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।


**इंडोस्टार होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड**

**रजि. कार्यालयः** - यूनिट नंबर 305, तीसरी मंजिल, विंग 2/ई, कॉर्पोरेट एवेन्यू, अंधेरी-घाटकोपर लिंक रोड, चकला, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400093। ईमेलः -connect@indostarhfc.com
सीआईएन नंबरः-U65990MH2016PTC271587

**कब्ज़ा नोटिस**

**[ नियम 8( 1 ) और ( 2 ) ]**

जबकि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित के प्रवर्तन (अधिनियम), 2002 के तहत और सुरक्षा के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यहां उल्लेखित सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 ने एक मांग नोटिस जारी किया जिसमें उधारकर्ता को उक्त नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया।
उधारकर्ता(ओं) द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ता(ओं) और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि इंडोस्टार होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। प्रत्येक संपत्ति के सामने उल्लिखित तिथि पर सुरक्षा हित प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग।
सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।
विशेष रूप से उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति के साथ लेनदेन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन नीचे उल्लेखित राशि और ब्याज और अन्य शुल्कों के लिए इंडोस्टार होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के उस पर शुल्क के अधीन होगा।

| ऋण खाता संख्या | उधारकर्ता( ओं ) और संपत्ति विवरण | डिमांड नोटिस की राशि और तारीख | कब्ज़ा की तारीख | कब्ज़ा स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| LNAJMOHL-04220024266 | 1. जसराज गुर्जर (उधारकर्ता) 2. भाली देवी (सह-उधारकर्ता) 3. पूसा गुर्जर (सह-उधारकर्ता) | रु. 5,00,553/- (पाँच लाख पाँच सौ तिरेपन रूपये मात्र) दिनांकः -14-जून-2024 | 28-सितम्बर-2024 | सांकेतिक कब्ज़ा |

**संपत्ति का असरः**- संपत्ति का वह सारा टुकड़ा और पार्सल प्पट्टा संख्या 26, जिसका क्षेत्रफल 133.33 वर्ग गज है, पुस्तक संख्या -68, ग्राम कुराड़ी, ग्राम पंचायत तिलाना, पंचायत समिति श्री नगर, तहसील एवं जिला - अजमेर।

**स्थानः अजमेर**
**दिनांकः 04.10.2024**

**एसडी/-**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**इंडोस्टार होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड**


स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नीदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व कार्यालय ए-46,गली नं. 4, विष्णु हिल टॉउन, सीआरपीएफ के पास, अजमेर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह। मो. नम्बरः 9829410051 ई-मेल-yuvrajsinghh@gmail.com